लखनऊ, रविवार
16 फरवरी 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 24+4+4=32

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

मनोज गौड़ बने पीएचडी चैंबर के यूपी स्टेट चेयरमैन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. डीके अग्रवाल ने मनोज गौड़ को यूपी चैप्टर का चेयरमैन नियुक्त किया है। रियल एस्टेट सेक्टर के कारोबारी मनोज गौड़ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की कंपनी गौड़ संस के प्रबंध निदेशक और क्रेडाई की अफोर्डेबल हाउसिंग कमेटी के चेयरमैन भी हैं।

गौड़ के साथ ही पीएचडी चैंबर उप्र के अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई है। पिछले कई वर्षों से चैंबर के यूपी स्टेट चेयरमैन रहे प्रमुख उद्योगपति रैडिको खेतान के ललित खेतान अब मेंटर-संरक्षक की जिम्मेदारी निभाएंगे।

वहीं ग्लोबल टैक्सपेयर्स ट्रस्ट के मनीष खेमका को यूपी का नया को-चेयरमैन नियुक्त किया गया है। पूर्व में को-चेयरमैन रहे लखनऊ के यूनिवर्सल बुकसेलर के गौरव प्रकाश को इस जिम्मेदारी पर बरकरार रखा गया है।

गौरतलब है कि सन् 1905 में स्थापित पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भारत के कारोबार व उद्योग जगत की एक प्रमुख प्रतिनिधि संस्था है। देश के अनेक शीर्ष उद्योगपति, कारोबारी व प्रोफेशनल इससे जुड़े हुए हैं। चैंबर के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. डीके अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

मनोज गौड़ ●जागरण

ललित खेतान ●जागरण

मनीष खेमका ●जागरण

गौरव प्रकाश ●जागरण

मेंटर-संरक्षक की जिम्मेदारी ललित खेतान को, पूर्व में को-चेयरमैन रहे गौरव प्रकाश को उसी जिम्मेदारी पर बरकरार रखा गया

उन्होंने उम्मीद जताई है कि सरकार के सहयोग से पीएचडी चैंबर भारत को पांच ट्रिलियन व उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा।